संसद भवन में स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित पपेट शो का आयोजन

नई दिल्ली, 3 जनवरी, 2018: आज रामकृष्ण मिशन, नई दिल्ली ने संसदीय ज्ञानपीठ में भारतीय लोक कला मंडल, उदयपुर के सहयोग से स्वामी विवेकानंद के जीवन और उपदेशों पर आधारित एक पपेट शो का आयोजन किया।

लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन; संसद सदस्यों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने इस पपेट शो का आनंद लिया।

इस पपेट शो में स्वामी विवेकानंद के जीवन की विभिन्न घटनाओं और प्रसंगों का मंचन किया गया। इस असाधारण प्रदर्शन में उच्चकोटि की पार्श्वध्वनि और विशेष प्रभावों का प्रयोग किया गया और कठपुतली का खेल दिखाने वालों की दक्ष अंगुलियों ने कठपुतलियों में प्राण फूंक कर रंग-बिरंगे प्रदर्शन की रचना इस प्रकार की कि महान संत का संदेश जीवंत हो गया। पपेट शो के दौरान मंचित किए गए प्रसंगों में शामिल थेः नरेन्द्र की मां के द्वारा बालक की अदम्य ऊर्जा को शांत करने के लिए उस पर पानी डाला जाना; पेड़ पर झूलते हुए नरेन्द्रनाथ द्वारा बुजुर्ग पड़ोसी की चेतावनी को नजरअंदाज किया जाना; नौका यात्रा के दौरान एक मित्र के बीमार पड़ जाने पर पुलिसम□की सहायता से नरेन्द्र द्वारा स्थिति को संभाला जाना; और नरेन्द्र द्वारा चोटिल नाविक की सेवा करना, जो कलाबाजी के झूलेको उठाने में बालकों की सहायता करना चाह रहा था; और ऐसे ही अनेक अन्य प्रसंग।

इस पपेट शो को वर्ष 2013 में स्वामी विवेकानंद की 150वीं वर्षगांठ को मनाने के लिए शुरू किया गया था। तब से, इस पपेट शो का मंचन भारत के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ न्यूयार्क, न्यू जर्सी (अमरीका) टोरंटो और विदेश के अन्य स्थानों पर हो चुका ह□